## शहरी विकास विभाग
## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रः दिल्ली सरकार
## 9वां तल, सी–विंग, दिल्ली सचिवालय, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002.

मान्नीय विधायक का नाम : श्रीमती बंदना कुमारी

दिनांक : 15.12.2023

विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या : 20

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क | क्या सरकार द्वारा शालीमार बाग विधान सभा में आवारा कुत्तों की समस्या के रोकथाम की कोई योजना बनायी गयी है; | **दिल्ली नगर निगम के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसारः–** दिल्ली नगर निगम के पशु चिकित्सा सेवा विभाग द्वारा Animal Birth Control (Dogs) Rules-2001/2023 के अनुपालन में आवारा कुत्तों को पकड़ कर उनकी नसबंदी एवं एंटी रेबीज टीकाकरण करवा रहा है। |
| ख | यदि हाँ, तो अब तक सड़कों से निगम द्वारा कितने कुत्तों को उठवाया गया है; | **दिल्ली नगर निगम के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसारः–** विभाग द्वारा वर्ष 2023–24 (01.04.2023 से 31.10.2023) के दौरान निगम क्षेत्र से 35742 आवारा कुत्तों को पकड़वाकर नसबंदी व एंटी रेबीज टीकाकरण करवाया गया है। |
| ग | अब तक गायों की वजह से कितनी सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं एवं कितनी गायों को सड़कों से उठवाया गया है; | **दिल्ली नगर निगम के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसारः–**केशव पुरम क्षेत्र में पुलिस से प्राप्त सूचना के आधार पर गायों की वजह से विगत में 2 दुर्घटनाएं हुई हैं तथा 01.04.2023 से 30.11.2023 तक 1044 गाय/गौवंश को उठाया गया है तथा निगम के सभी 12 क्षेत्रों से इस अवधि में 10719 गाय/गौवंश को उठवाकर दिल्ली सरकार अधीनस्थ गौशालाओं को भिजवाया गया है। |
| घ | सरकार की गायों के मुद्दे को लेकर क्या योजना है; | दिल्ली नगर निगम क्षेत्र से आवारा घूमती गाय/गौवंशों को पकड़कर दिल्ली सरकार अधीनस्थ गौशालाओं को भिजवाया जाता है। |
| ङ | क्या इन गायों की सुरक्षा और देखभाल के लिये नगर निगम द्वारा गोशाला बनाने की भी कोई योजना है; | **दिल्ली नगर निगम के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसारः–** जी नहीं। क्योंकि गौशाला और उससे जुड़े विषय पशु पालन विभाग दिल्ली सरकार के अंतर्गत आते हैं। |
| च | उपरोक्त विषयों को लेकर अब तक कितने अधिकारियों पर और क्या–क्या कार्यवाही की गयी है; और | **(च) व (छ) दिल्ली नगर निगम के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसारः–**विभाग द्वारा समय–समय पर अपने कार्यों में दोषी पाए गए कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाती है। विगत में केशव पुरम क्षेत्र में ऐसे 2 वेटनरी इंस्पेक्टर को निलंबित किया गया है। |
| छ | क्या ऐसी कोई योजना है जिससे अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा सके ? | |

Dy. Secretary (U.D./P.C.)
Govt. of N.C.T. of Delhi
Delhi Secretariat
I.P. Estate, New Delhi-02

अत्यंत महत्वपूर्ण
विशेष पत्र वाहक द्वारा

शहरी विकास विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
9वॉं तल, "सी" – विंग दिल्ली सचिवालय,
आई. पी. एस्टेट,नई दिल्ली–110002.

एफ.53(19)/~~ता.~~अता. प्र.20 चतुर्थ सत्र (चतुर्थ–भाग) 2023/दिविस/श.वि./4887-88 दिनांक: 14/12/2023

सेवा में,

1. उप सचिव (प्रश्न शाखा)
दिल्ली विधानसभा सचिवालय,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
पुराना सचिवालय, दिल्ली –110054.

विषयः सातवीं दिल्ली विधानसभा के चतुर्थ सत्र का (चतुर्थ–भाग) 2023 अतारांकित / ~~तारांकित~~ प्र0 सं. 20 मान्नीय विधायक श्रीमती वन्दना कुमारी दिनांक 15.12.2023 को सदन की बैठक के सन्दर्भ में।

महोदया/ महोदय,

आपको उपरोक्त विषय में वर्णित विधानसभा प्रश्न के उत्तर की 100 प्रतियॉं माननीय मंत्री शहरी विकास विभाग, दिल्ली सरकार द्वारा अनुमोदित की गई अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत की जा रही हैं।

भवदीय

उप–सचिव (संसदीय शाखा)

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

कृपया प्रतिलिपि सूचनार्थ :–

1. निदेशक, सूचना एवं प्रचार निदेशालय, पुराना सचिवालय, दिल्ली (प्रश्न के उत्तर की 100 प्रतियों सहित) दिल्ली सरकार पुराना सचिवालय, दिल्ली –110054.

उप–सचिव ( संसदीय शाखा)